>

Title: Need to provide a stoppage to Patna-Rajdhani Express (2309/2310) at Mirzapur in Uttar Pradesh.

श्री रमेश दूबे (मिर्ज़ापुर) : महोदय, पटना राजधानी 2309/2310 मीरजापुर स्टेशन पर नहीं रूकती है जबकि "मीरजापुर " मुगलसराय व इलाहाबाद के मध्य का व्यस्त स्टेशन है।

मीरजापुर व्यापारिक नगरी है, देश विदेश में कॉरपेट मीरजापुर-भदोही से निर्यात होता है। जिससे काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा अर्जित होती है। वाराणसी धार्मिक स्थान है, जहां देश-विदेश के लाखों लोग प्रतिवर्ष आते हैं। किसी भी राजधानी या शताब्दी का ठहराव मीरजापुर में नहीं है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। मीरजापुर में पटना-राजधानी के ठहराव से मीरजापुर, जौनपुर, राबर्टगंज, वाराणसी आदि के लोगों व व्यापारी वर्ग को सुविधा होगी। अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि पटना-राजधानी का मीरजापुर में ठहराव करवा सकेंगे तो बड़ी कृपा होगी।